# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## प्रश्नोत्तर-सूची

### नवम्बर-दिसम्बर, 2007 सत्र

### गुरुवार, दिनांक 29 नवम्बर, 2007

### तारांकित प्रश्नोत्तर

शाकम्बरी तथा किसान समृद्धि योजना के तहत प्रदत्त सहायता

1. (*क्र. 462) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) किसान समृद्धि योजना एवं शाकम्बरी योजना के अंतर्गत वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में महासमुंद एवं रायपुर जिलों में कितने-कितने आवेदन प्राप्त हुए ? (ख) कितने लाभार्थियों को लाभ दिया गया ? विकासखण्डवार जानकारी दें ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) किसान समृद्धि योजना एवं शाकम्बरी योजना के अंतर्गत वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में महासमुन्द एवं रायपुर जिलों में प्राप्त आवेदनों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | जिला | किसान समृद्धि योजना | | शाकम्भरी योजना | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 | |
| 1. | रायपुर | 1315 | 976 | 2487 | 1242 | 31-10-07 तक |
| 2. | महासमुंद | योजना लागू नहीं | | 578 | 676 | 15-11-07 तक |

(ख) वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में लाभान्वित कृषकों की जिलेवार जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" पर है.

वृष्टिछाया योजना के तहत स्वीकृत प्रकरण तथा लाभान्वित कृषक

2. (*क्र. 540) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि दुर्ग जिले के विकास खण्ड बेमेतरा, बेरला, साजा एवं नवागढ़ में वृष्टिछाया योजना प्रारंभ दिनांक से 31 अक्टूबर, 2007 तक वृष्टिछाया के कितने-कितने प्रकरण स्वीकृत किए गए ? लाभान्वित कृषकों की संख्या सहित विकास खण्डवार जानकारी देवें.

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : दुर्ग जिले के विकासखण्ड बेमेतरा, बेरला, साजा एवं नवागढ़ में किसान समृद्धि योजना (वृष्टिछाया) प्रारंभ होने के दिनांक 05-02-2002 से 31 अक्टूबर, 2007 तक निम्नानुसार अनुदान प्रकरण स्वीकृत कर कृषकों को लाभान्वित किया गया है :-

| क्र. | विकासखण्ड | किसान समृद्धि योजनांतर्गत अनुदान से लाभान्वित कृषक |
|---|---|---|
| 1. | बेमेतरा | 826 |
| 2. | बेरला | 499 |
| 3. | साजा | 704 |
| 4. | नवागढ़ | 507 |
| | **योग** | **2536** |

† परिशिष्ट "एक"

कृषि विभाग के अधिकारियों की विदेश यात्राओं में व्यय राशि

3. ( *क्र. 560) **मोहम्मद अकबर :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कृषि विभाग/कृषि विपणन मंडी बोर्ड के खर्च पर वर्ष 2007 में किन-किन लोगों ने कहां-कहां की कब से कब तक की कौन-कौन से देश की विदेश यात्राएं की है ? (ख) उक्त यात्राओं में मदवार प्रत्येक पर कुल कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? (ग) उक्त यात्राओं में अलग-अलग कहां-कहां क्या-क्या विभागीय कार्य किए गए ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खर्चे पर वर्ष 2007 के माह अगस्त/सितम्बर, 2007 में श्री मेघाराम साहू, मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि, पशुपालन एवं मछलीपालन एवं पदेन अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड, श्री अवध बिहारी, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि विभाग, श्री आर. के. सिंह, प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड एवं श्री बाबूलाल साहू, निज सहायक, माननीय मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, कृषि विभाग द्वारा की गयी विदेश यात्राओं के संबंध में देशों एवं स्थानों का नाम, तिथि एवं अवधि का विवरण † संलग्न प्रपत्र "अ" में है. (ख) उक्त यात्राओं में कुल राशि रुपये छः लाख चौहत्तर हजार चार सौ उन्नासी (रु. 6,74,479/-) व्यय हुई. मदवार व्यय का विवरण † संलग्न प्रपत्र "ब" में है. (ग) उक्त यात्राओं में छत्तीसगढ़ के उपरोक्त प्रतिनिधिगणों द्वारा अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि मंडलों के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न देशों में की गई चर्चा का विवरण स्थानवार इस प्रकार है :—

1. **"सिंगापुर में"** :- खाद्य सप्लाई एवं टेक्नालाजी डिपार्टमेंट से चर्चा, समुद्री खाद्य पदार्थ से संबंधित उद्योग संघ से परिचर्चा व मछली व्यापारिक संघ के साथ मछली व्यापार के संबंध में परिचर्चा की.

2. **"मलेशिया में"** :- मलेशिया के कृषि उत्पादन एवं कृषि आधारित उद्योग मंत्रालय से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा, मलेशिया स्थित इन्फोफिस के साथ परिचर्चा, मलेशिया मछली विकास बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक, मलेशिया में स्थित फेडरल एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड से कृषि विपणन के संबंध में परिचर्चा की.

3. **"थाईलैण्ड में"** :- थाईलैण्ड चावल निर्यात संघ के सदस्यों से चर्चा की गई.

कांकेर, दुर्ग एवं राजनांदगांव के बैरियरों में वसूली गई राशि एवं जप्त वाहन

4. ( *क्र. 562) **डॉ. बालमुकुन्द देवांगन :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि कांकेर, दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले के विभिन्न बैरियरों में 2006-2007 एवं 07-08 में 31-10-07 तक अधिक लोड वाले कितने वाहनों पर जुर्माना किया गया है तथा कितनी राशि शमनशुल्क के रूप में वसूली की गई है ? एवं कितने वाहनों को जप्त किया गया है ? कृपया वर्षवार बैरियरवार जानकारी देवें.

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : कांकेर एवं दुर्ग जिले में परिवहन विभाग का कोई बैरियर नहीं है. परिवहन विभाग का राजनांदगांव जिले में 03 बैरियर स्थापित हैं. बैरियर द्वारा ओव्हरलोड वाहनों के विरुद्ध की गई कार्यवाही एवं वसूल किये गये जुर्माना राशि का विवरण निम्न है :—

| क्र. | बैरियर का नाम | ओव्हरलोड वाहनों की संख्या एवं वसूल जुर्माना राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2006-07 | जुर्माना राशि | 2007-08 (31-10-07) तक | जुर्माना राशि |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | पाटेकोहरा | 1,928 | 32,15,884/- | 515 | 18,73,500/- |
| 2. | मानपुर | 01 | 2,000/- | निरंक | निरंक |
| 3. | छोटा मानपुर | 293 | 3,95,100/- | 67 | 1,38,000/- |
| | **योग** | **2,222** | **36,12,984/-** | **582** | **20,11,500/-** |

प्रश्नांकित अवधि में अधीनस्थ बैरियरों द्वारा ओव्हरलोड वाहनों को जप्त नहीं किया गया है.

† परिशिष्ट "दो"

## नकली एवं अमानक स्तर के खाद की जांच

5. ( *क्र. 551) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2005-06, 2006-07 एवं 2007-08 के खरीफ कृषि कार्य के समय जिला बिलासपुर, जिला-जांजगीर, जिला-धमतरी, जिला-रायपुर एवं जिला-कबीरधाम में अमानक स्तर के खाद एवं नकली खाद बेचे जाने की शिकायत पर खाद विक्रेता एवं खाद निर्माण करने वाली संस्था पर कार्यवाही की गई ? यदि हां, तो वर्षवार किन-किन लोगों के ऊपर क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? (ख) क्या यह भी सत्य है प्रश्न (क) में पूछे गये एवं कार्यवाही किये गये खाद्य निर्माताओं को वर्ष 2007-2008 में पुनः खाद बनाकर बाजार में बेचने की अनुमति प्रदान कर दी गई है ? यदि हां, तो इस अनुमति का आधार या कारण क्या है ? (ग) क्या छ. ग. प्रदेश के अंदर निर्माण किये जा रहे खाद की बिक्री के पूर्व गुणवत्ता की जांच की जाती है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) जी हां. शिकायत के परिप्रेक्ष्य में उर्वरक निर्माता कंपनी पर की गई कार्यवाही का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-1 पर एवं उर्वरक विक्रेताओं पर की गई कार्यवाही का विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट-2 पर है. (ख) प्रश्नांक "क" के उत्तर में मात्र एक उर्वरक निर्माण कंपनी "नर्मदा फास्फेट लिमिटेड" के विरुद्ध कार्यवाही का उल्लेख है. राज्य अधिसूचित प्राधिकारी के आदेश क्रमांक/ई-6/उर्व./पंजी./2006-07/493 दिनांक 30-08-2006 द्वारा उक्त कंपनी का विक्रय पंजीयन प्रमाण-पत्र दिनांक 30-08-2006 से 29-09-2006 तक अर्थात् एक माह के लिए निलंबित किया गया था. उक्त अवधि के अवसान के पश्चात् विक्रय पंजीयन प्रमाण-पत्र स्वतः वैध हो गया था. इस प्रकार पृथक से अनुमति देने का प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता. (ग) जी हां, प्रदेश में स्थित उर्वरक निर्माता कंपनी के निर्माण स्थल से उर्वरकों के नमूने लेकर गुणवत्ता की जांच करायी जाती है.

## दुर्ग जिले में डी. ए. पी. खाद का आवंटन

6. ( *क्र. 174) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दुर्ग जिले में खरीफ सीजन में वर्ष 2006 तथा 2007 में कितनी-कितनी मात्रा में डी. ए. पी. खाद का आवंटन जारी किया गया तथा कितना उठाव किया गया ? (ख) दुर्ग जिले के साजा अनुविभाग में रबी सीजन 2007 हेतु कितनी डी. ए. पी. खाद की आपूर्ति 30-10-07 तक की गई है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) कृषि विभाग द्वारा उर्वरकों के आवंटन जारी नहीं किये जाते हैं. दुर्ग जिले के लिए खरीफ 2006 एवं खरीफ 2007 में डी. ए. पी. उर्वरक का निर्धारित लक्ष्य, उसके विरुद्ध भंडारण तथा वितरण की जानकारी निम्नानुसार है :—

मात्रा मैट्रिक टन में

| वर्ष | लक्ष्य | | | भंडारण | | | वितरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सहकारिता | निजी | योग | सहकारिता | निजी | योग | सहकारिता | निजी | योग |
| खरीफ 2006 | 9420 | 6280 | 15700 | 13411 | 4598 | 18009 | 13085 | 4549 | 17634 |
| खरीफ 2007 | 13380 | 8920 | 22300 | 14140 | 6262 | 20402 | 14097 | 5964 | 20061 |

(ख) दुर्ग जिले के साजा अनुविभाग के अंतर्गत विकासखण्ड साजा एवं बेरला में रबी मौसम 2007 हेतु सहकारिता क्षेत्र में 217 टन एवं निजी क्षेत्र में 83 टन इस प्रकार कुल 300 टन डी. ए. पी. उर्वरक की आपूर्ति दिनांक 30-10-2007 तक की गई है.

## नकली खाद के नमूनों का परीक्षण

7. ( *क्र. 466) **श्री देवजी भाई पटेल :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) 01 जनवरी, से 31 अक्टूबर तक नकली खाद के कितने नमूने परीक्षण के लिए लेबोरेटरी लाभांडी ( रायपुर) में जांच के लिए भेजे गये ? (ख) नमूनों के कितने पैकेटों की सील टूटी हुई पायी गयी ? इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों ? (ग) कंडिका "क" के नमूनों पर लेबोरेटरी के क्या निष्कर्ष है ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) 01 जनवरी से 31 अक्टूबर, 2007 के दौरान नकली खाद विक्रय की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अतः इस तरह के नमूने परीक्षण हेतु पृथक से नहीं भेजे गये हैं. इस अवधि में विभागीय उर्वरक निरीक्षकों द्वारा विभिन्न उर्वरकों के 3236 नमूने

परीक्षण हेतु उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, रायपुर भेजे गये हैं. (ख) उर्वरक नमूनों के किसी भी पैकेट की सील टूटी हुई नहीं पाई गई. अतः शेष जानकारी निरंक है. (ग) प्रश्नाधीन अवधि में उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला को प्रेषित नमूनों पर प्रयोगशाला के निष्कर्ष निम्नानुसार है :—

| विश्लेषित नमूने | मानक नमूने | अमानक नमूने | निरस्त किये गये नमूने | विश्लेषण हेतु शेष नमूने |
|---|---|---|---|---|
| 3183 | 2913 | 270 | 27 | 26 |

हसदेव बांगो बायीं तट नहर निर्माण की जानकारी

8. ( *क्र. 196) **श्री नंदकुमार पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिला के खरसिया शाखा नहर हसदेव बांगो बायीं तट नहर निर्माण के संबंध में प्रश्नकर्ता विधायक द्वारा माननीय जल संसाधन मंत्री को संबोधित अपने पत्र क्रमांक 126 दिनांक 20 जनवरी, 07 के संबंध में क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? (ख) यदि नहीं तो क्यों ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) प्रश्नाधीन पत्र में उल्लेखित कार्यों हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. (ख) उपरोक्त "क" के परिप्रेक्ष्य में प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

शाकम्भरी योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसानों के संबंध में जानकारी

9. ( *क्र. 239) **श्री चुरावन मंगेशकर :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ. ग. प्रदेश में शाकम्भरी योजना के अंतर्गत वर्ष 2006-2007 में कितने किसान लाभान्वित हुए ? लाभान्वित किसानों की जिलेवार संख्या बतावें ? (ख) क्या इस योजना के अंतर्गत किसानों को अनुदान की राशि दी गई ? यदि हां, तो कितनी प्रतिशत जानकारी देवें ? (ग) बिलासपुर जिले से लाभान्वित किसानों की विकासखण्डवार जानकारी देवें ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू) : (क) वर्ष 2006-07 में शाकम्भरी योजना में राज्य के 7542 किसान "पंप" तथा 1285 किसान "कूप निर्माण" घटक के अंतर्गत लाभान्वित हुए. जिलेवार लाभान्वित किसानों की जानकारी † संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) जी हां. योजनांतर्गत पंप की लागत का 75 प्रतिशत अधिकतम रुपये 11,625/- तथा कूप निर्माण की लागत का 50 प्रतिशत अधिकतम रुपये 17,100/- का अनुदान कृषकों को दिया जाता है. (ग) बिलासपुर जिले के लाभान्वित कृषकों को विकासखंडवार, घटकवार जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | विकासखंड | पंप | कूप |
|---|---|---|---|
| 1. | बिल्हा | 26 | 2 |
| 2. | मस्तूरी | 149 | 2 |
| 3. | तखतपुर | 58 | - |
| 4. | मुंगेली | 80 | 1 |
| 5. | पथरिया | 62 | 3 |
| 6. | कोटा | 11 | 7 |
| 7. | लोरमी | 40 | 2 |
| 8. | गौरेला-1 | 101 | 26 |
| 9. | गौरेला-2 | 22 | 21 |
| 10. | मरवाही | 22 | 19 |
| | योग | 571 | 83 |

† परिशिष्ट "तीन"

## जिला बिलासपुर में मण्डी शुल्क के रूप में प्राप्त आय

10. ( *क्र. 118) **श्री चन्द्रभान बारमते :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि बिलासपुर जिले की कृषि उपज मण्डियों एवं राईस मिलर्स के द्वारा उपज मण्डियों में 2004-05, 2005-06 एवं 2006-07 तथा वर्ष 2007-08 में दिनांक 03-11-2007 तक रबी एवं खरीफ फसल की कितने क्विंटल धान की खरीदी की गई एवं मण्डी शुल्क के रूप में राज्य शासन को वर्षवार एवं फसलवार कितनी आय की प्राप्ति हुई ? मण्डीवार जानकारी देवें ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू) : बिलासपुर जिले की कृषि मण्डियों एवं राईस मिलर्स के द्वारा उपज मण्डियों में 2004-05 से 2006-07 तथा वर्ष 2007-08 में दिनांक 03-11-2007 तक रबी एवं खरीफ फसल की खरीदी मात्रा एवं उससे प्राप्त मण्डी शुल्क की जानकारी निम्नानुसार है :—

| क्र. | वर्ष | धान खरीदी मात्रा (क्विं. में) | | मण्डी शुल्क के रूप में मण्डियों को प्राप्त मंडी शुल्क | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | रबी | खरीफ | रबी | खरीफ |
| 1. | 2004-05 | 42015.10 | 1269693.25 | 5392852 | 13487846 |
| 2. | 2005-06 | 350698.15 | 1069199.92 | 5111688 | 12091621 |
| 3. | 2006-07 | 412746.20 | 1087657.30 | 5498947 | 9030071 |
| 4. | 2007-08 (3-11-2007 तक) | 577008.14 | 152427.00 | 7646935 | 18,18,381 |

## उद्वहन सिंचाई योजना से कुल सिंचित रकबा

11. ( *क्र. 320) **श्री उदय मुदलियार :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में तोरन कट्टा लिफ्ट एरीगेशन (उद्वहन सिंचाई) योजना कितनी लागत से कब पूरी हुई ? इस योजना से कुल कितने एकड़ भूमि को सिंचित किया जाना है ? कितने एकड़ भूमि सिंचित की जा रही है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र में तोरनकट्टा लिफ्ट एरीगेशन (उद्वहन सिंचाई) योजना रु. 120.91 लाख लागत से मार्च 2003 में पूरी हुई. इस योजना से कुल 600 एकड़ भूमि को सिंचित किया जाना है. कृषकों द्वारा अनुबंध नहीं कराने एवं मांग नहीं करने के कारण अब तक कोई सिंचाई नहीं की गई है.

## रायगढ़ जिले में बाल श्रमिक स्कूलों की जानकारी

12. ( *क्र. 485) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2006-07 एवं 07-08 में रायगढ़ जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल कितने बाल श्रमिक स्कूल कहां-कहां संचालित हैं ? इन विद्यालयों की दर्ज संख्या वर्तमान में कितनी है ? (ख) एक अप्रैल 06 से इन स्कूलों को कितनी-कितनी राशि किस-किस मद हेतु आवंटित की गई है ? (ग) उपरोक्त अवधि में स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को माहवार कितनी-कितनी छात्रवृत्ति राशि का भुगतान कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो कब तक कर दिया जावेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव) : (क) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "अ" अनुसार. (ख) जानकारी † संलग्न प्रपत्र "ब" अनुसार. (ग) वर्ष 2006-07 की राशि 6,60,000/- छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में जमा करने कार्यवाही की जा रही है. वर्ष 2007-08 की राशि भारत सरकार से प्राप्त होते ही छात्र-छात्राओं के बैंक खातों में नियमानुसार जमा कराने की कार्यवाही की जावेगी.

† परिशिष्ट "चार"

माण्ड डायवर्सन योजना से सिंचित रकबा

13. (*क्र. 266) **श्री नोवेल कुमार वर्मा :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) माण्ड डायवर्सन योजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड डभरा में कुल कितने हेक्टेयर जमीन की सिंचाई का प्रावधान रखा गया था ? (ख) क्या कंडिका (क) के योजना अंतर्गत निर्धारित/प्रस्तावित जमीन में से कितनी जमीन की सिंचाई किन कारणों से नहीं हो पा रही हैं ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) माण्ड डायवर्सन योजना अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड डभरा में कुल 6315 हेक्टेयर जमीन की खरीफ सिंचाई का प्रावधान है. (ख) माण्ड डायवर्सन योजना के रूपांकित सिंचाई-क्षमता 6315 हेक्टेयर के विरुद्ध खरीफ वर्ष 2007 के दौरान 5200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की गई है. शेष 1115 हेक्टेयर रकबे में सिंचाई नहीं हो पा रही है. सिंचाई नहीं हो पाने का मुख्य कारण योजना की कुछ नहरों के लिए अर्जित भूमि का मुआवजा भुगतान शेष रहने के कारण कृषकों द्वारा निर्माण कार्य का विरोध किया जाना तथा कुछ शाखा नहरों में मिट्टी इत्यादि जमा हो जाने के कारण नहर के अंतिम छोर तक पानी का नहीं पहुंचना है.

शाकम्भरी योजना अंतर्गत प्रदत्त सुविधा

14. (*क्र. 289) **डॉ. हरिदास भारद्वाज :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायपुर जिले के किन-किन विकासखण्डों में शाकम्भरी योजना संचालित है ? योजना में कौन-कौन सी सुविधा प्रदान की जाती है ? (ख) बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत इस योजना के लिये जनवरी, 2007 से अक्टूबर 2007 की स्थिति में कितने हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त हुए ? (ग) इस योजना अंतर्गत विकासखण्ड बिलाईगढ़ में 1-1-2007 से 31-10-2007 तक कितने पम्प खरीदे गए ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू) : (क) रायपुर जिले के सभी 15 विकासखण्डों में शाकम्भरी योजना संचालित है. योजनांतर्गत लघु एवं सीमांत कृषकों को 5 हार्सपावर तक के सिंचाई पंप पर 75 प्रतिशत अधिकतम राशि रुपये 11,625/- एवं कूप निर्माण में 50 प्रतिशत अधिकतम रुपये 17,100/- का अनुदान दिया जाता है. (ख) बिलाईगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत जनवरी, 2007 से अक्टूबर, 2007 तक की स्थिति में पंप के 416 एवं कूप निर्माण के 2 आवेदन पत्र प्राप्त हुये. (ग) योजनांतर्गत विभाग द्वारा पंप क्रय नहीं किये जाते अपितु योजना के प्रावधान के अनुसार पंप क्रय करने वाले कृषकों को पात्रता अनुसार अनुदान दिया जाता है. विकासखंडवार बिलाईगढ़ में दिनांक 1-1-2007 से 31-10-2007 तक 299 कृषकों को पंप क्रय करने पर अनुदान दिया गया है.

जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत तुस्मा जलाशय का विस्तारीकरण

15. (*क्र. 378) **महन्त रामसुन्दर दास :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत तुस्मा जलाशय के विस्तारीकरण की योजना विभाग में प्राचलित है ? यदि हां, तो उक्त योजना की अद्यतन जानकारी क्या है ? (ख) तुस्मा जलाशय के विस्तारीकरण की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करके कार्य प्रारंभ कब तक किया जावेगा ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) जी हां, जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत तुस्मा जलाशय (अनुषा सागर) योजना के विस्तारीकरण कार्य का प्रथम चरण प्राक्कलन प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्तावित किया गया था. प्रकरण के संबंध में वित्त विभाग द्वारा दी गई टीप के अनुसार प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की गई थी. तदुपरांत तथ्यात्मक विवरण के साथ प्रकरण पर पुनः विचार हेतु वित्त विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है. (ख) प्रकरण पर वित्त विभाग की सहमति प्राप्त होने पर प्रशासकीय स्वीकृति दी जाकर कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी.

कोरबा जिला में प्रशासकीय स्वीकृति हेतु लंबित योजनाएं

16. (*क्र. 76) **श्री बोधराम कंवर :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोरबा जिले की कौन-कौन सी सिंचाई योजनाएं प्रशासकीय स्वीकृति हेतु शासन स्तर पर कब से लंबित है ? प्रत्येक की लागत क्या है तथा कितनी सिंचाई क्षमता है, विकासखण्डवार जानकारी दें ? (ख) उक्त योजनाएं प्रशासकीय स्वीकृति हेतु शासन को कब प्रस्तुत की गई तथा लंबित रहने का क्या कारण है? (ग) उक्त योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति कब तक प्रदान की जा सकेगी ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव) : (क) कोरबा जिले की सिंचाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति लागत तथा सिंचाई क्षमता की

विकासखण्डवार जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) योजनाओं के प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करने की तिथि एवं लंबित रहने संबंधी जानकारी † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ग) योजनाओं हेतु वित्त विभाग की सहमति प्राप्त होने के उपरांत प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी.

किसान समृद्धि योजना के तहत नलकूप खनन में अनियमितता

17. (*क्र. 566) **श्री राजकमल सिंघानिया :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जनवरी, 2006 एवं वर्ष 2007 में कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड में किसान समृद्धि योजना के तहत कितने कृषकों को अनुदान प्रदान किया गया है ? ग्रामवार जानकारी देवें. (ख) क्या वर्ष 2007 में कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड में किसान समृद्धि योजना के तहत नलकूप खनन की कोई शिकायत हुई थी? यदि हां, तो उस शिकायत पर क्या कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों एवं कब तक कार्यवाही की जावेगी.

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क) जनवरी, 2006 से वर्ष 2007 में (31 अक्टूबर, 2007 तक) कसडोल एवं बिलाईगढ़ विकासखण्ड के 464 कृषकों को किसान समृद्धि योजना के तहत अनुदान प्रदान किया गया. ग्रामवार जानकारी †† संलग्न परिशिष्ट पर है. (ख) वर्ष 2007 में कसडोल विकासखण्ड से किसान समृद्धि योजना के तहत एक शिकायत प्राप्त हुई थी. शिकायत पर कार्यवाही करते हुए कसडोल विकासखण्ड के राजादेवरी में पदस्थ ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को निलंबित किया गया. प्रारंभिक जांच उपरांत संबंधित के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई है. बिलाईगढ़ विकासखण्ड से शिकायत प्राप्त नहीं हुई है.

रायगढ़ जिले में शाकम्बरी योजना के संबंध में

18. (*क्र. 521) **सुश्री कामदा जोल्हे :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) रायगढ़ जिले को सन् 2006-07 में शाकम्बरी योजना के तहत कितना लक्ष्य दिया गया था ? क्या लक्ष्य पूरा किया जा चुका है ? (ख) शाकम्बरी योजना से वर्ष 2006-07 में कितने किसानों को लाभ मिला ? कृपया सूची देवें ? उपलब्ध करा जा सकती है ?

**कृषि मंत्री** (श्री मेघाराम साहू ) : (क) रायगढ़ जिले को वर्ष 2006-07 में शाकम्बरी योजनांतर्गत दिये गये लक्ष्य एवं पूर्ति की जानकारी निम्नानुसार है :—

| स.क्र. | विवरण | लक्ष्य | | पूर्ति | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | भौतिक | वित्तीय | भौतिक | वित्तीय |
| 1. | पंप | 790 | रु. 92.10 | 655 | रु. 91,97,655/- |
| 2. | कूप | 40 | लाख | 101 | |

कूप निर्माण में लक्ष्य से अधिक एवं पंप वितरण में 82.8 प्रतिशत भौतिक पूर्ति की गई है. वित्तीय पूर्ति 99.9 प्रतिशत हुई है. (ख) रायगढ़ जिले में शाकम्भरी योजनांतर्गत वर्ष 2006-07 में पंप वितरण से 655 एवं कूप निर्माण से 101 कृषकों को लाभ मिला है. लाभान्वित कृषकों की सूची पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट पर है.

उद्योगों का बकाया राजस्व

19. (*क्र. 463) **श्री त्रिलोचन पटेल :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 31 अक्टूबर, 2007 तक कितने उद्योगों पर, कितनी राशि का राजस्व बकाया है ?

**जल संसाधन मंत्री** (श्री हेमचंद यादव ) : प्रदेश में 31 अक्टूबर 2007 तक 25 उद्योगों से रुपये 2440.26 लाख की राजस्व वसूली बकाया है.

† परिशिष्ट "पांच" †† परिशिष्ट "छ:"

अधिग्रहित भूमि का मुआवजा संबंधी

20. ( *क्र. 541) **डॉ. चेतन वर्मा :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत किन-किन ग्रामों के कितने-कितने कृषकों को जल संसाधन विभाग द्वारा अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देना शेष है ? (ख) उपरोक्त कृषकों का भू-अर्जन का प्रकरण कब से लंबित है तथा निपटारा कब तक हो जावेगा.

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 40 ग्रामों के 477 कृषकों की अधिग्रहित भूमि का मुआवजा देना शेष है. विस्तृत विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) उपरोक्त कृषकों का भू-अर्जन प्रकरण सन् 1973 से 2007 तक की अवधि से लंबित है. भू-अर्जन प्रकरण का निराकरण जिला कलेक्टर द्वारा अर्धन्यायिक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है, अत: निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है.

विकासखण्ड बोड़ला, जिला-कबीरधाम में गौ-संवर्धन योजना के लाभार्थियों की संख्या

21. ( *क्र. 561) **मोहम्मद अकबर :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2007 में कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोडला में कहां-कहां, किन-किन लोगों को गाय, बैलजोड़ी एवं सांड वितरण योजना के अंतर्गत गाय, बैलजोड़ी एवं सांड वितरित किये गये ? (ख) उक्त क्षेत्र में गौ-संवर्धन योजनांतर्गत उन्नत नस्ल के सांड कहां-कहां किनको-किनको दिए गये ? (ग) कितने गाय/बैल जोड़ी एवं सांड की मृत्यु हो गई ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) विवरण निम्न है :—

| | |
|---|---|
| गाय | निरंक |
| बैलजोड़ी | 349 |
| सांड | 12 |

हितग्राहीवार, ग्रामवार विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''क'' में है. (ख) निरंक. आयोजना अंतर्गत उक्त क्षेत्र में 12 सांड दिए गये हैं. विवरण पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट ''ख'' में है. (ग) 6 बैलों की मृत्यु हुई है. सांड मृत संख्या निरंक है.

के. जी. एन. हर्बल प्रायवेट लि. द्वारा कृषकों के नाम के ऋण आहरण

22. ( *क्र. 552) **श्री धर्मजीत सिंह :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या यह सत्य है कि वर्ष 2007 में के.जी.एन. हर्बल प्राय. लिमिटेड नामक संस्थान ने रायपुर जिले के ग्राम-खरोरा, देवपुरी, नवागांव एवं अन्य गांवों के कृषकों को मीठी तुलसी (स्टीविया) की खेती करने एवं ज्यादा लाभ प्राप्त होने की बात कहकर 15 कृषकों से उनके कृषि भूमि के कागजात प्राप्त कर लिये ? (ख) क्या यह भी सत्य है कि प्रश्न (क) में पूछे गये कृषकों से उनकी कृषि भूमि के कागजात लेकर के.जी.एन. हर्बल प्राय. लिमि. संस्थान के अधिकारियों ने यूनियन बैंक देवपुरी शाखा जिला रायपुर से इन कृषकों के नाम पर कर्ज लेकर लगभग 70 लाख (सत्तर लाख रुपये) से भी अधिक की राशि निकालकर एवं कृषकों को यह राशि न देकर धोखाधड़ी की है ? यदि हां, तो किस-किस कृषक के नाम पर कितनी-कितनी राशि का आहरण किया गया है विवरण दें ? (ग) क्या प्रश्न (क) एवं (ख) में उल्लेखित प्रकरण की जांच छ.ग. शासन द्वारा कराई जाकर पीड़ित कृषकों को मुआवजा दिया जायेगा ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) जी हां. 17 कृषकों के भूमि के कागजात बैंक में जमा कराये गये. (ख) जी हां. आहरित ऋण राशि का विवरण †† संलग्न परिशिष्ट में है. (ग) पीड़ित किसानों द्वारा किसान संघर्ष समिति के संयोजक श्री भूपेन्द्र शर्मा को ''मीठी तुलसी (स्टीविया) उगाओ और साल भर में प्रति एकड़ डेढ़ लाख रुपये मुनाफा कमाओ'' खेती की धोखाधड़ी के संबंध में संयुक्त रूप से आवेदन दिया गया था. जांच पश्चात् के.जी.एन. हर्बल प्रायवेट लिमिटेड संस्थान के संचालक श्री फिरोज खान, फिरोज हुसैन, प्रणव मुगे, संदीप हार्डीकल, बैंक प्रबंधक डी. धर्माराव एवं कंपनी के अन्य कार्यकर्त्ताओं के विरुद्ध अपराध क्रमांक-313/07 धारा 420, 467, 468, 471 एवं 34 भा.द.वि. का पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में है. जांच पश्चात् यथोचित आवश्यक कार्यवाही की जावेगी, किन्तु ऐसे प्रकरणों में मुआवजा देने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता.

† परिशिष्ट ''सात''

†† परिशिष्ट ''आठ''

ग्रीष्मकालीन फसल हेतु जलाशयों में उपलब्ध पानी

23. ( *क्र. 175) **श्री रविन्द्र चौबे :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश के प्रमुख जलाशयों में 31-10-2007 की स्थिति में कितना-कितना पानी उपलब्ध है ? (ख) गंगरेल एवं तान्दुला जलाशय से कितने रकबे में ग्रीष्मकालीन फसल हेतु सिंचाई देने के लिए निर्णय लिया गया है ? (ग) विगत वर्ष कितने रकबे में इन जलाशयों से ग्रीष्मकालीन फसल हेतु पानी दिया गया ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : (क) जल संसाधन विभाग के अंतर्गत प्रदेश में लगभग 37 प्रमुख जलाशयों में 31-10-2007 की स्थिति में 3665.55 मि.घ.मी. जल उपलब्ध है. विस्तृत विवरण † संलग्न परिशिष्ट में दर्शित है. (ख) गंगरेल जलाशय (महानदी परियोजना समूह) से लगभग 38,300 हे. क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसल हेतु पानी देने का निर्णय लिया गया है तथा तांदुला जलाशय से ग्रीष्मकालीन फसल हेतु जिला जल उपयोगिता समिति द्वारा सिंचाई हेतु पानी नहीं देने का निर्णय लिया गया है. (ग) विगत वर्ष गंगरेल जलाशय (महानदी परियोजना समूह) से 36,740 हे. क्षेत्र में एवं तांदुला जलाशय से 3084 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन फसल हेतु पानी दिया गया.

काम के बदले अनाज तथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना के तहत निष्पादित कार्य

24. ( *क्र. 321) **श्री उदय मुदलियार :** क्या जल संसाधन मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 1-4-2005 से 31-3-2007 तक काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत एवं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत क्या-क्या कार्य कितनी-कितनी लागत से किन-किन ग्रामों में कराये गये ?

**जल संसाधन मंत्री** ( श्री हेमचंद यादव ) : राजनांदगांव विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 1-4-2005 से 31-3-2007 तक काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत 05 कार्य लागत रु. 79.10 लाख तथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 03 कार्य लागत रु. 32.77 लाख के स्वीकृत हुए. इन योजनाओं के अंतर्गत कुल 08 ग्रामों में कार्य कराये गये हैं. कार्यवार जानकारी †† संलग्न प्रपत्र "अ" एवं "ब" में दर्शित है.

बी.टी.सी. राईस रोपण के दुष्प्रभावों की जांच

25. ( *क्र. 486) **डॉ. शक्राजीत नायक :** क्या कृषि मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या ग्राम-पुरैना, जिला रायपुर में महाराष्ट्र हाईब्रीड सीड कंपनी लिमिटेड द्वारा राज्य शासन की बिना अनुमति के बी.टी.सी. का रोपण किया गया था ? अगर हां, तो इनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई ? (ख) शासन ने क्या बी.टी. राईस रोपण के किसानों पर दुष्प्रभाव की जांच के लिये कोई समिति बनाई गई है ? अगर हां, तो जांच के क्या निष्कर्ष है ? जांच के आधार पर क्या कार्यवाही की गई ?

**कृषि मंत्री** ( श्री मेघाराम साहू ) : (क) ग्राम-पुरैना, जिला रायपुर में महाराष्ट्र हाईब्रीड सीड कंपनी लिमिटेड द्वारा राज्य शासन के बिना अनुमति के बी.टी.सी. (बी.टी. काटन) का रोपण किये जाने संबंधी किसी प्रकरण की जानकारी राज्य शासन को नहीं है. अत: किसी कार्यवाही का प्रश्न ही नहीं उठता. (ख) बी.टी. राईस रोपण के किसानों पर दुष्प्रभावों की जांच के लिए कृषि विभाग द्वारा कोई समिति नहीं बनाई गई है. अत: शेष उत्तर निरंक है.

----------

† परिशिष्ट "नौ" †† परिशिष्ट "दस"

# तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट "एक"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 462) के भाग (ख) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

किसान समृद्धि योजनान्तर्गत वर्ष 2006-07 एवं वर्ष 2007-08 में रायपुर जिले के लाभान्वित कृषकों की विकासखण्डवार जानकारी :—

| क्र. | विकासखंड का नाम | लाभान्वित कृषक | |
|---|---|---|---|
| | | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | तिल्दा | 146 | 70 |
| 2. | सिमगा | 228 | 96 |
| 3. | भाटापारा | 138 | 25 |
| 4. | कसडोल | 164 | 14 |
| 5. | बिलाईगढ़ | 127 | 61 |
| 6. | बलौदाबाजार | 140 | 50 |
| | योग | 943 | 316 |

टीप :-

1. रायपुर जिले के शेष 09 विकासखंड में योजना लागू नहीं है.

2. महासमुंद जिले में योजना लागू नहीं है.

## प्रपत्र "ब"

शाकम्भरी योजनान्तर्गत रायपुर एवं महासमुंद जिले के वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 में लाभान्वित कृषकों की विकासखण्डवार जानकारी :—

जिला :- रायपुर

| क्र. | जिला | विकासखंड का नाम | लाभान्वित कृषक | |
|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष 2006-07 | वर्ष 2007-08 |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | रायपुर | धरसींवा | 127 | 21 |
| 2. | | आरंग | 69 | 9 |
| 3. | | तिल्दा | 48 | 27 |
| 4. | | अभनपुर | 91 | 31 |
| 5. | | सिमगा | 69 | 13 |
| 6. | | भाटापारा | 37 | 19 |
| 7. | | बलौदाबाजार | 78 | 9 |
| 8. | | पलारी | 33 | 19 |
| 9. | | कसडोल | 56 | 10 |
| 10. | | बिलाईगढ़ | 224 | 76 |
| 11. | | फिंगेश्वर | 97 | 15 |
| 12. | | देवभोग | 124 | 26 |
| 13. | | गरियाबंद | 137 | 11 |
| 14. | | छुरा | 130 | 41 |
| 15. | | मैनपुर | 226 | 2 |
| | **योग रायपुर** | | **1546** | **329** |
| 1. | महासमुंद | महासमुंद | 26 | 29 |
| 2. | | बागबहरा | 8 | 68 |
| 3. | | पिथौरा | 126 | 40 |
| 4. | | बसना | 54 | 99 |
| 5. | | सरायपाली | 121 | 29 |
| | **योग महासमुंद** | | **335** | **265** |
| | **महायोग (रायपुर+महासमुंद)** | | **1881** | **594** |

## परिशिष्ट "दो"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 3 (क्र. 560) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्र. (1) | देशों के नाम (2) | स्थान का नाम (3) | अवधि (4) |
|---|---|---|---|
| 1. | सिंगापुर | बैंकाक, सिंगापुर | दि. 26, 27 व 28 अगस्त 07 |
| 2. | मलेशिया | कुआलालम्बपुर | दि. 29, 30, 31 अगस्त 07 एवं 01 सितंबर 2007 |
| 3. | थाईलैण्ड | बैंकाक | दि. 02, 03, 04 व 05 सितंबर 07 |

### प्रपत्र "ब"

| क्र. | नाम | मदवार व्यय की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | रायपुर से दिल्ली आने-जाने वायुयान व्यय | विदेशों में यात्रा के दौरान की गयी वायुयान यात्रा व ठहरने एवं परिवहन व्यय जो कोसाम्ब में जमा की गयी | दैनिक भत्ता | प्रागामी योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | माननीय श्री मेघाराम साहू, मंत्री कृषि, छ. ग. शासन. | 24,211 | 1,50,000 | 32,025 | 206236 |
| 2. | श्री अवधबिहारी, सचिव, छ. ग. शासन, कृषि विभाग. | 10,731 | 1,25,000 | 32,025 | 167756 |
| 3. | श्री आर. के. सिंह, प्रबंध संचालक, छ. ग. राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड. | 10,733 | 1,25,000 | 32,025 | 167758 |
| 4. | श्री बाबूलाल साहू, निज सहायक, माननीय मंत्री, छ. ग. शासन कृषि. | 10704 | 90,000 | 32,025 | 132729 |
| | योग | 56,379 | 4,90,000 | 1,28,100 | 6,74,479 |

## परिशिष्ट "तीन"

[ तारांकित प्रश्न संख्या ९ (क्र. 239) के भाग (क) की जानकारी ]

### वर्ष 2006-07

| स. क्र. | जिला | लाभांवित किसानों की जिलेवार संख्या | |
|---|---|---|---|
| | | पंप | कूप |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | रायपुर | 1443 | 295 |
| 2. | महासमुंद | 332 | 5 |
| 3. | धमतरी | 100 | 1 |
| 4. | दुर्ग | 211 | 13 |
| 5. | राजनांदगांव | 183 | 0 |
| 6. | कबीरधाम | 372 | 31 |
| 7. | जगदलपुर | 374 | 73 |
| 8. | उत्तर बस्तर कांकेर | 201 | 12 |
| 9. | दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा | 70 | 35 |
| 10. | बिलासपुर | 571 | 83 |
| 11. | कोरबा | 365 | 20 |
| 12. | जांजगीर | 977 | 35 |
| 13. | सरगुजा | 665 | 264 |
| 14. | कोरिया | 535 | 287 |
| 15. | रायगढ़ | 655 | 101 |
| 16. | जशपुर | 488 | 30 |
| | योग | 7542 | 1285 |

## परिशिष्ट "चार"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 12 (क्र. 485) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

### प्रपत्र "अ"

| क्रमांक (1) | विकासखण्ड (2) | संचालित बाल श्रमिक विशेष स्कूलों का संख्या व नाम (3) | | अध्ययनरत छात्रों की दर्ज संख्या (4) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रायगढ़ | 1 | बोइरदादर | 41 |
| 2. | पुसौर | 1 | कोड़ातराई | 50 |
| 3. | घरघोड़ा | 1 | घरघोड़ा | 51 |
| 4. | तमनार | 1 | तमनार | 46 |
| 5. | धरमजयगढ़ | 1 | धरमजयगढ़ | 46 |
| 6. | लैलूंगा | 1 | लैलूंगा-1 | 50 |
| | | 1 | लैलूंगा-2 | 50 |
| 7. | खरसिया | 1 | खरसिया | 50 |
| 8. | सारंगढ़ | 1 | गुडेली | 50 |
| | | 1 | सारंगढ़ | 47 |
| 9. | बरमकेला | 1 | बरमकेला | 50 |
| | योग | 11 | | 531 |

प्रपत्र "ब"

**रायगढ़ जिले में बाल श्रमिक स्कूलों में सत्र 2006-07 एवं 2007-08 में विभिन्न मदों में आवंटित राशि का विवरण**

| क्र. | स्कूल का नाम | वर्ष 2006 में विभिन्न मदों में आवंटित राशि (मदवार) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कर्मचारियों का मानदेय | मध्यान्ह भोजन | भवन किराया एवं बिजली, पानी | शैक्षणिक एवं व्यवसायिक सामग्री | आकस्मिक व्यय | कुल योग |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | बोइरदादर | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 2. | कोड़ातराई | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 3. | गुड़ेली | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 4. | सारंगढ़ | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 5. | घरघोड़ा | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 6. | बरमकेला | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 7. | धरमजयगढ़ | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 8. | तमनार | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 9. | खरसिया | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |
| 10. | लैलूंगा-1 | 80,400 | 78,000 | 12,000 | 10,000 | 4,000 | 1,84,400 |

**टीप :-** वर्ष 2007-08 हेतु राशि का आवंटन भारत सरकार से अप्राप्त है.

परिशिष्ट "पांच"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 16 (क्र. 76) के भाग (क) एवं (ख) की जानकारी ]

**प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्राप्त योजनाएं**

(क्षेत्र हे. में, राशि रु. लाख में)

| स. क्र. | योजना का नाम | विधान सभा क्षेत्र | विकासखण्ड | वर्तमान लागत (लाख रु. में) | रूपांकित सिंचाई क्षमता (हे. में) | शासन को प्रस्तुत करने की तिथि | प्रकरण की अद्यतन स्थिति/लंबित रहने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | लोटना पारा व्यपवर्तन | कटघोरा | पाली | 9386.46 | 485 | 05-06-2007 | प्रकरण वित्त विभाग के सहमति हेतु दिनांक 29-10-2007 को वित्त विभाग को प्रेषित. |
| 2. | तेंदुवाही व्यपवर्तन | कटघोरा | कटघोरा | 152.99 | 192 | 04-10-2007 | प्रकरण आदिमजाति कल्याण विभाग के सहमति हेतु दिनांक 31-10-2007 को आ. जा. क. विभाग को प्रेषित. |
| 3. | मसुरिहा जलाशय | कटघोरा | पाली | 195.77 | 200 | 03-07-2007 | प्रकरण वित्त विभाग के सहमति हेतु 19-11-2007 को वित्त विभाग को प्रेषित. |
| 4. | हनुमान बांध जलाशय | तानाखार | पाली | 78.10 | 121 | 26-09-2005 | प्रकरण पर आदिमजाति कल्याण विभाग द्वारा उठाई गई आपत्तियों के निराकरण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन. |
| 5. | दीवान नाला व्यपवर्तन | रामपुर | कोरबा | 271.91 | 475 | 29-07-2006 | शासन द्वारा उठाई गई आपत्तियों के निराकरण हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन. |
| 6. | नगोई व्यपवर्तन | तानाखार | पोड़ी-उपरोड़ा | 114.10 | 140 | 01-08-2006 | प्रकरण वित्त विभाग की सहमति हेतु वित्त विभाग को दिनांक 29-10-2007 को प्रेषित. |

## परिशिष्ट "छ:"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 17 (क्र. 566) के भाग (क) की जानकारी ]

**किसान समृद्धि योजना में विकासखण्ड बिलाईगढ़ में जनवरी 2006 से अक्टूबर 2007 तक ग्रामवार अनुदान प्रदाय की जानकारी**

**1 जनवरी 2006 से 31 अक्टूबर 2007 तक**

| क्रमांक (1) | ग्राम का नाम (2) | अनुदान प्राप्त कृषक संख्या (3) |
|---|---|---|
| 1. | गिरसा | 3 |
| 2. | धनोरा | 2 |
| 3. | गिरवानी | 1 |
| 4. | तेंदुवा | 3 |
| 5. | रायकोना | 1 |
| 6. | सरदाभांठा | 4 |
| 7. | सलौनीकला | 3 |
| 8. | करबाडबरी | 1 |
| 9. | सालेहवाना | 2 |
| 10. | धनगांव | 3 |
| 11. | चंदलीडीह | 1 |
| 12. | सरसींवा | 7 |
| 13. | भटगांव | 7 |
| 14. | गदहाभांठा | 3 |
| 15. | बेलाडुला | 1 |
| 16. | पुरगांव | 2 |
| 17. | टेढ़ीभदरा | 1 |
| 18. | जोरा | 1 |
| 19. | जैतपुर | 5 |
| 20. | चालपुर | 7 |
| 21. | बिलाईगढ़ | 1 |
| 22. | गाताडीह | 1 |
| 23. | बगमल्ल | 5 |
| 24. | पेंड्रावन | 3 |
| 25. | धीराभांठा | 4 |
| 26. | मधाईभांठा | 3 |
| 27. | कचौंदा | 1 |
| 28. | तवलीडीह | 1 |
| 29. | दाऊबंधान | 2 |
| 30. | रामपुर | 1 |
| 31. | झमरपाली | 1 |
| 32. | पीपरडुला | 5 |
| 33. | कोदवा | 4 |
| 34. | सेंदूरस | 11 |
| 35. | बंदारी | 1 |
| 36. | हरदी | 2 |
| 37. | बलौदी | 4 |
| 38. | तिलाईपाली | 1 |
| 39. | पीपरभावना | 2 |

| (1) | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 40. | अर्जुनी | 1 |
| 41. | देवसागर | 1 |
| 42. | घोघरा | 2 |
| 43. | सलिहा | 25 |
| 44. | छपोरा | 1 |
| 45. | बिलासपुर | 1 |
| 46. | भिनोदा | 3 |
| 47. | जुनवानी | 2 |
| 48. | अलीकूद | 3 |
| 49. | ढनढनी | 1 |
| 50. | जोगेसरा | 1 |
| 51. | देवरघोड़ | 2 |
| 52. | धुरपुल | 1 |
| 53. | घाना | 1 |
| 54. | चकरदा | 1 |
| 55. | उड़काकन | 1 |
| 56. | भंडोरा | 1 |
| 57. | कोसमकुडा | 5 |
| 58. | तेंदुदरहा | 2 |
| 59. | झरनीडीह | 7 |
| 60. | पीकरीपाली | 1 |
| 61. | गोपालपुर | 1 |
| 62. | मुढमल्दा | 2 |
| 63. | सोनियाडीह | 2 |
| 64. | मलुहा | 11 |
| 65. | टुन्ड्री | 1 |
| 66. | सलिहाभाठा | 1 |
| 67. | गाढ़ापाली | 3 |
| 68. | धरजरा | 2 |
| 69. | रोहिना | 3 |
| 70. | पचरी | 2 |
| 71. | धनसीर | 3 |
| 72. | किसड़ा | 1 |
| 73. | गोविन्दवन | 1 |
| 74. | सेमरिया | 3 |
| 75. | छिरचुआ | 4 |
| 76. | दुरूंगगढ़ | 4 |
| 77. | मधुवनखुर्द | 1 |
| 78. | नवापारा | 2 |
| 79. | केड़ियाखार | 1 |
| 80. | परसाडीह | 3 |
| 81. | छिर्रा | 6 |
| 82. | नगरदा | 3 |
| | योग | 234 |

## परिशिष्ट ''सात''

[ तारांकित प्रश्न संख्या 20 (क्र. 541) के भाग (क) की जानकारी ]

### मुआवजा राशि भुगतान के संबंध में जानकारी

| क्र. | का नाम | ग्राम का नाम | कृषकों की संख्या | भू-अर्जन लंबित का वर्ष | कैफियत |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | लोर नाला डाय. | खंगारपाट | 10 | दि. 29-08-05 | अनिवार्य भू-अर्जन प्रकरण एवं संभावित राशि भू-अर्जन अधिकारी साजा कार्यालय में जमा की जा चुकी है. नियमानुसार भुगतान की प्रक्रिया भू-अर्जन अधिकारी साजा द्वारा की जा रही है. (ग्राम खंगारपाट एवं कोहड़िया की राशि का आवंटन प्राप्त होने पर जमा की जा सकेगी. |
| | --,,-- | सिंगारडीह | 2 | दि. 6-12-05 | |
| | --,,-- | कोहड़िया | 10 | दि. 29-08-05 | |
| | --,,-- | गबदा | 4 | दि. 29-08-05 | |
| | --,,-- | डफरा | 5 | --,,-- | |
| | --,,-- | पिरदा | 2 | --,,-- | |
| 2. | भरदा जलाशय | आनंदगांव | 3 | दि. 23-07-05 | |
| | --,,-- | भरदा | 6 | --,,-- | |
| | --,,-- | मुड़पार | 9 | दि. 23-07-05 | |
| 3. | खारगांव डायवर्सन | तेलगा | 1 | दि. 29-08-05 | |
| | --,,-- | खारगांव | 2 | --,,-- | |
| | --,,-- | कोसपातर | 5 | --,,-- | |
| | --,,-- | बेलोदीकला | 2 | --,,-- | |
| 4. | खर्रा जलाशय | खर्रा | 2 | दि. 23-07-2005 | |
| | --,,-- | सोरला | 3 | दि. 26-07-2005 | |
| 5. | तरकोरी जलाशय | बेरला | 5 | दि. 26-07-05 | |
| | --,,-- | भैंसबोड़ | 6 | --,,-- | |
| 6. | सुरहोली जलाशय | सुरहोली | 9 | दि. 30-11-06 | |
| | --,,-- | बांसा | 2 | दि. 23-07-05 | भू-अर्जन की संभावित राशि भू-अर्जन अधिकारी साजा कार्यालय में जमा की जा चुकी है. |
| | --,,-- | बहेरा | 1 | --,,-- | |
| 7. | सिलघट जलाशय | सिलघट | 5 | दि. 26-07-05 | |
| 8. | भांड जलाशय | भांड | 1 | दि. 26-07-05 | |
| 9. | हरदी भिंभौरी जला. | हरदी | 18 | दि. 21-01-03 | अवार्ड पारित हो चुका है. |
| | --,,-- | बोरसी | 5 | --,,-- | |
| | --,,-- | हरदी | 46 | दि. 27-06-05 | |
| | --,,-- | भिंभौरी | 22 | --,,-- | |
| 10. | अकोली डायवर्सन नहर निर्माण | अकोली | 17 | दि. 25-08-04 | |
| | --,,-- | हसदा | 7 | दि. 20-02-05 | |
| | --,,-- | देवादा | 6 | --,,-- | |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
|---|---|---|---|---|---|
| 11. | आनंदगांव जलाशय | आनंदगांव | 26 | दि. 23-03-07 | भू-अर्जन की संभावित राशि भू-अर्जन अधिकारी साजा कार्यालय में जमा की जा चुकी है. |
| | **योग** | | **242** | | |
| 12. | हथमुड़ी व्यपवर्तन | खिलौरा-28 | 40 | 20-06-02 | दि. 19-10-07 को धारा-06 का प्रकाशन छ. ग. राजपत्र में किया जा चुका है. |
| | --,,-- | अमोरा | 1 | 20-06-02 | --,,-- |
| | --,,-- | जेवरी | 4 | 08-11-02 | --,,-- |
| | --,,-- | जेवरी | 25 | 31-12-02 | --,,-- |
| | --,,-- | बीजाभाठ | 45 | 31-12-02 | --,,-- |
| 13. | मुड़पार जलाशय | बेमेतरा | 1 | 03-10-06 | दि. 02-11-07 को धारा-04 का प्रकाशन छ. ग. राजपत्र में किया जा चुका है. |
| | --,,-- | मुड़पार | 1 | 11-10-06 | दि. 02-11-07 को धारा-06 का प्रकाशन छ. ग. राजपत्र में किया जा चुका है. |
| 14. | करूवा व्यपवर्तन नहर | केवांछी | 30 | 04-09-01 | दि. 19-10-07 को धारा 04 का प्रकाशन छ. ग. राजपत्र में किया जा चुका है. |
| | --,,-- | केवांछी | 36 | 04-09-01 | दि. 19-10-07 को धारा 04 का प्रकाशन छ. ग. राजपत्र में किया जा चुका है. |
| 15. | सिरवाबोधा जलाशय | पदमी-08 | 6 | 04-09-03 | दि. 20-04-07 को धारा 06 का प्रकाशन छ. ग. राजपत्र में किया जा चुका है. (एवार्ड पारित किया जाना शेष है.) |
| 16. | किरकी जलाशय | किरकी-08 | 39 | 20-10-04 | दि. 05-05-06 को धारा 06 का प्रकाशन छ. ग. राजपत्र में किया जा चुका है. (एवार्ड पारित किया जाना शेष है.) |
| 17. | डोटू व्यपवर्तन नहर | बैजलपुर-27 | 7 | 13-12-01 | धारा 04 प्रकाशन की प्रक्रिया में है. |
| | **कुल** | **40 ग्राम** | **477 कृषक** | | |

## परिशिष्ट "आठ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 22 (क्र. 552) के भाग (ख) की जानकारी ]

### के. जी. एन. हर्बल को भुगतान की गई कृषक ऋण राशि की जानकारी

| क्र. | नाम कृषक | मेसर्स के. जी. एन. हर्बल को भुगतान | |
|---|---|---|---|
| | | राशि लाख में | भुगतान का दिनांक |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | श्री सुखचंद टंडन | 7.80 | 26-06-2005 |
| 2. | श्री जोधन टंडन | 4.70 | 23-06-2005 |
| 3. | श्री मेहतरू दास बघेल | 4.80 | 23-06-2005 |
| 4. | श्री डेहरा राम पटेल | 3.85 | 23-06-2005 |
| 5. | श्री हेमलाल बघेल | 3.30 | 24-06-2005 |
| 6. | श्री भगतराम चंदाने | 4.60 | 24-06-2005 |
| 7. | श्रीमती शकुन्तला देवी | 1.65 | 24-06-2005 |
| 8. | श्री इतवारी राम कुर्रे | 4.75 | 23-06-2005 |
| 9. | श्री रविशंकर शर्मा | 7.60 | 05-08-2005 |
| 10. | श्री पटेल कुमार सतनामी | 7.60 | 04-08-2005 |
| 11. | श्री सुखलाल | 3.05 | 23-06-2005 |
| 12. | नन्दकुमारी वर्मा | 3.86 | 11-08-2005 |
| 13. | श्री लेखराम वर्मा | 7.60 | 05-08-2005 |
| 14. | श्री मनोज कुमार साहू | 2.36 | 11-08-2005 |
| 15. | श्री रमेश कुमार साहू | 3.86 | 11-08-2005 |
| 16. | श्री चुकेलाल | 5.35 | 02-08-2005 |
| 17. | श्री यशवंत टंडन | 3.25 | 06-10-2006 |
| | योग | 79.98 | |

परिशिष्ट "नौ"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 23 (क्र. 175) के भाग (क) की जानकारी ]

**दिनांक 31-10-2007 की स्थिति में प्रमुख जलाशयों में जल भराव की मात्रा**

| स. क्र. | योजना का नाम | जिला | दिनांक 31-10-2007 की स्थिति में उपलब्ध जल भराव मि. घ. मी. में |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1. | मिनीमाता बांगो | कोरबा | 1377.06 |
| 2. | रविशंकर सागर जला. | धमतरी | 629.58 |
| 3. | दुधावा जलाशय | बस्तर | 201.93 |
| 4. | सोंढूर जलाशय | धमतरी | 129.37 |
| 5. | मुरुमसिल्ली जलाशय | धमतरी | 156.83 |
| 6. | तांदुला जलाशय | दुर्ग | 147.25 |
| 7. | गोंदली जलाशय | दुर्ग | 55.84 |
| 8. | खपरी जलाशय | दुर्ग | 5.66 |
| 9. | मरोदा जलाशय | दुर्ग | 24.30 |
| 10. | मटियामोती जलाशय | दुर्ग | 19.47 |
| 11. | खरखरा जलाशय | दुर्ग | 124.66 |
| 12. | रूसे जलाशय | राजनांदगांव | 9.18 |
| 13. | धारा जलाशय | राजनांदगांव | 5.05 |
| 14. | पिपरिया जलाशय | राजनांदगांव | 16.68 |
| 15. | मोंगरा परियोजना | राजनांदगांव | 10.82 |
| 16. | सरोदा जलाशय | कवर्धा | 8.68 |
| 17. | छीरपानी जलाशय | कवर्धा | 33.45 |
| 18. | बहेराखार जलाशय | कवर्धा | 8.65 |
| 19. | केशवा जलाशय | महासमुंद | 12.05 |
| 20. | कोडार जलाशय | महासमुंद | 119.07 |
| 21. | सिकासार जलाशय | रायपुर | 185.47 |
| 22. | बलार जलाशय | रायपुर | 23.84 |
| 23. | पिन्ड्रावन जलाशय | रायपुर | 9.70 |
| 24. | कुम्हारी जलाशय | रायपुर | 7.40 |
| 25. | मनियारी जलाशय | बिलासपुर | 82.07 |
| 26. | घोंघा जलाशय | बिलासपुर | 17.72 |
| 27. | खारंग जलाशय | बिलासपुर | 86.34 |
| 28. | केदार जलाशय | रायगढ़ | 13.59 |
| 29. | पुटका जलाशय | रायगढ़ | 4.15 |
| 30. | खम्हारपाकुट जलाशय | रायगढ़ | 15.42 |
| 31. | किन्कारी जलाशय | रायगढ़ | 10.32 |
| 32. | गेज जलाशय | कोरिया | 7.15 |

| (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|
| 33. | झुमका जलाशय | कोरिया | 15.45 |
| 34. | कुंवरपुर जलाशय | सरगुजा | 11.53 |
| 35. | चांकी जलाशय | सरगुजा | 6.87 |
| 36. | श्याम परियोजना (घुनघुट्टा) | सरगुजा | 62.05 |
| 37. | बरनई परियोजना | सरगुजा | 10.90 |
| | **योग 37 योजनाएं** | | **3665.55 मि. घ. मी.** |

परिशिष्ट "दस"

[ तारांकित प्रश्न संख्या 24 (क्र. 321) की जानकारी ]

प्रपत्र "अ"

**काम के बदले अनाज योजना के तहत निष्पादित कार्य ( 01-04-2005 से 31-03-2007 तक )**

| स. क्र. | विधान सभा क्षेत्र का नाम | कार्य का नाम | ग्राम का नाम | स्वीकृत राशि रु. लाख में | स्वीकृति दिनांक | व्यय राशि रु. लाख में | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | राजनांदगांव | खैरा स्टापडेम कम रपटा निर्माण. | खैरा | 18.85 | 23-02-2006 | 18.84 | पूर्ण |
| 2. | राजनांदगांव | रवेली स्टापडेम कम रपटा निर्माण. | रवेली | 21.75 | 23-02-2006 | 21.69 | पूर्ण |
| 3. | राजनांदगांव | फूलझर जलाशय नहर सुदृढ़ीकरण. | फूलझर | 9.24 | 28-03-2006 | 9.00 | पूर्ण |
| 4. | राजनांदगांव | ठाकुरटोला व्यप. के बायीं तट नाली की खुदाई. | ईरा | 8.21 | 28-03-2006 | 6.19 | पूर्ण |
| 5. | राजनांदगांव | देवादा, टेड़ेसरा, रपटा कम स्टापडेम निर्माण. | देवादा | 21.05 | 28-03-2006 | 20.65 | पूर्ण |
| | | | **योग** | **79.10** | - | **76.37** | |

प्रपत्र "ब"

**राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के योजना तहत निष्पादित कार्य ( 01-04-2005 से 31-03-2007 तक )**

| स. क्र. | विधान सभा क्षेत्र का नाम | कार्य का नाम | ग्राम का नाम | स्वीकृत राशि रु. लाख में | स्वीकृति दिनांक | व्यय राशि रु. लाख में | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1. | राजनांदगांव | ईराफ्लड प्रोटेक्शन स्कीम शिवनाथ नदी में तट कटाव रोकने का कार्य. | ईरा | 23.88 | 28-04-2006 | 19.30 | पूर्ण |
| 2. | राजनांदगांव | भेड़ीकला डायवर्सन बांध नहर मरम्मत एवं 2 नग पुलिया निर्माण. | भेड़ीकला | 6.73 | 29-05-2006 | 6.63 | पूर्ण |
| 3. | राजनांदगांव | शिवनाथ नहर सुदृढ़ीकरण | धामनसरा | 2.16 | 08-02-2007 | 2.12 | पूर्ण |
| | | | **योग** | **32.77** | - | **28.05** | |